तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 12 सितंबर 2026

13 खेलों के माध्यम से संस्कृति से जुड़ने ...



12 रिमझिम बारिश के बीच तीजा-पोला खेल महोत्सव



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

सब-जूनियर फुटबॉल टीम में खरोरा के जयदीप का चयन

खरोरा। होली हार्ट स्कूल, खरोरा के प्रतिभाशाली छात्र एवं युवा फुटबॉल खिलाड़ी जयदीप यादव का चयन रायपुर जिला सब-जूनियर बालक फुटबॉल टीम के लिए हुआ है। जयदीप की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ-साथ खरोरा क्षेत्र में भी हर्ष एवं गौरव का माहौल है। जयदीप ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के दम पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन पर होली हार्ट स्कूल परिवार ने जयदीप यादव एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। विद्यालय प्रबंधन ने जयदीप के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा होली हार्ट स्कूल, जेएसएफ क्लब एवं खरोरा का नाम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

राज्य जूनियर बालक कबड्डी स्पर्धा के लिए चयन 20 को

बलौदाबाजार। 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2 अक्टूबर 2026 को पड़रिया,कवर्धा में आयोजित होना है। इस संबंध में कबड्डी संघ बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष आयुष्मान बाजपेयी द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार बालक वर्ग हेतु वजन 75 किग्रा. और जन्मतिथि 4 नवंबर 2006 या उसके बाद जन्म लिया हो । इस प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय स्तरीय चयन प्रतियोगिता 20 सितम्बर को जिला स्टेडियम कलेक्टोरेट के पीछे बलौदाबाजार में आयोजित है। जिसमे पूर्व में विकासखंड के चयनित खिलाड़ियों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है।

70 लीटर अवैध शराब जब्त, युवक गिरफ्तार



भटगांव। थाना भटगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ग्राम सलोनीकला स्थित सबरिया डेरा में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 11,9,26 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि अर्जुन गोंड पिता हीरासिंह गोंड, उम्र 19 वर्ष, निवासी सलोनीकला सबरिया डेरा, थाना भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अपने मकान में बिक्री करने के लिए अवैध कच्ची महुआ शराब छिपाकर रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 10 लीटर क्षमता वाली सफेद प्लास्टिक जरीकेन में 10 लीटर तथा सफेद प्लास्टिक बोरी के अंदर सफेद डिब्बी में करीब 60 लीटर, कुल 70 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 14000 रु को गवाहों की उपस्थिति में जप्त की कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मनाया गया पौधे का दूसरा जन्मदिन

महासमुंद। दो साल पहले 11 सितंबर के दिन हुए पौधारोपण की दूसरी वर्षगांठ पर पौधे का जन्मदिन मनाया गया। मुकेश चंद्राकर ने बताया कि पौधा लगाना पर्यावरण को संरक्षित करने और अपनी खुशियों को एक नया जीवन देने समान है। पौधा आपके साथ-साथ बढ़ता है और आपकी यादों को हमेशा हरा-भरा रखता है।

जुलूस व विसर्जन के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

14 सितम्बर से शुरू हो रहे गणेश उत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना तिल्दा-नेवरा परिसर में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा के विशेष उपस्थिति में आयोजिइस बैठक में थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा निरीक्षक रमाकांत तिवारी एवं तहसीलदार तिल्दा की उपस्थिति में आयोजित गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, नगरपालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सरपंच, कोटवार शामिल हुए। बैठक में शासन, प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा गणेश उत्सव आयोजन के संबंध में जारी सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं गाइडलाइन से उपस्थितजनों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। पुलिसप्रशासन द्वारा गणेश समितियों को निर्देशित किया गया कि आयोजन के दौरान कानून एवं व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, ध्वनि सीमा, जुलूस एवं विसर्जन व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न की जाए, जिससे आमजन को परेशानी हो अथवा शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो।

शांतिपूर्ण आयोजन के लिए गणेश समितियों को दिए गए दिशा-निर्देश



कानून-व्यवस्था और नियमों का पालन अनिवार्य

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गणेश उत्सव आस्था, श्रद्धा एवं सामाजिक सौहार्द का पर्व है। अतः सभी समितियां प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर जिम्मेदारीपूर्वक आयोजन करें तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की संभावना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणेश समितियों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन, वरिष्ठ पार्षद आरती गिलहरे, पार्षद ईश्वर यदु, गणेश समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार वाधवानी व अन्य कई लोग उपस्थित थे।

कार्रवाई : दतरेंगा में निर्माणाधीन मकान से प्रतिबंधित दवाओं की खेप बरामद

नशीली दवाओं के अंतर जिला नेटवर्क का पर्दाफाश, सात तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत भाटापारा ग्रामीण पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजिला स्तर पर प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 7 शातिर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को सटीक सूचना मिली थी कि तस्कर सफेद रंग की कार (सीजी 07 एबी 7007) में प्रतिबंधित दवाओं की बड़ी खेप लेकर ग्राम दतरेंगा स्थित एक निर्माणाधीन मकान में स्थानीय स्तर पर डिलीवरी देने पहुंचे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर 6 आरोपियों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के सुरागों के आधार पर सिंडिकेट के 1 अन्य साथी को भी धर दबोचा गया। ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में जांच के दौरान जब्त गोलियों के प्रतिबंधित होने की पुष्टि हुई।

डिलीवरी देने पहुंचे तस्कर पकड़ाए





2.61 लाख रुपए की सामग्री व कार जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1,146 नग प्रतिबंधित नशीली गोलियां (स्पास ट्रैंकन प्लस व अल्ट्रासेट), परिवहन में प्रयुक्त कार, 8 महंगे स्मार्टफोन (आईफोन व एंड्रॉइड) और 7,650 नकद जब्त किए हैं। जब्त सामान की कुल अनुमानित कीमत 2,61,192 दर्ज की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

गोवर्धन प्रसाद साहू (28 वर्ष) परशुराम वार्ड, भाटापारा, अभिषेक तिवारी (38 वर्ष) जनपद कार्यालय के पीछे, भाटापारा, पंकज यादव उर्फ गोलू (31 वर्ष) श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, भाटापारा, प्रकाश साहू उर्फ लक्की (26 वर्ष) हथनीपारा वार्ड, भाटापारा, दिनेश साहू उर्फ अप्पू (27 वर्ष) नाका नं. 01 के पास, भाटापारा, आर्यन तिवारी (22 वर्ष) छोटी कोनी, बिलासपुर / हाल भाटापारा, समीर खां उर्फ समी (32 वर्ष) तिफरा, बिलासपुरआरोपियों के खिलाफ थाना भाटापारा ग्रामीण में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(c), 21(c), 29 तथा बीएनएस की धारा 111 के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

पुरानी रंजिश पर जानलेवा हमला, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में हिंसा, जानलेवा हमला एवं गंभीर अपराध कारित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त व प्रभावी दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना हथबंद पुलिस द्वारा पुरानी रंजिश पर युवक पर चाकू व डंडे से प्राणघातक हमला करने वाले 02 आरोपियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 9 सितंबर को प्रार्थी सतीश कुमार महिलांग (निवासी नवापारा, थाना हथबंद) द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि जब वह शाम को पड़ोसी आरोपी अरुण महिलांग के बुलाने पर उसके घर के दरवाजे के पास गया। वहां आरोपी अरुण महिलांग एवं उसके रिश्तेदार (डेढ़साला) राजू बघेल द्वारा पुरानी रंजिश पर गंदी-गंदी गालियां दी गईं। इसके बाद आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से चाकू से प्रार्थी के गले, बाएं पसली, बांह व कोहनी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इसी दौरान घर का दरवाजा बंद कर आरोपियों ने बांस के डंडे से प्रार्थी के सिर पर तीन-चार बार गंभीर वार कर दिया, जिससे प्रार्थी का सिर फट गया और खून बहने लगा। प्रार्थी किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर अन्य ग्रामीणों के पास पहुंचा। घटना की सूचना पर 112 वाहन से प्रार्थी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हथबंद में अपराध क्रमांक 196/2026, धारा 109(1), 118(1),127(2),296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं बांस का डंडा जप्त किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को दिनांक 10 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

5 दिन बैंकिंग की मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

ऑल इंडिया बैंकिंग एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को क्षेत्र के सभी सरकारी बैंकों में एक दिवसीय हड़ताल रही। हड़ताल के चलते दिनभर बैंकों के शटर बंद रहे, जिससे दूर-दराज से पहुंचे ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एसोसिएशन की मांग है कि महीने के सभी शनिवारों को बैंकों में आधिकारिक छुट्टी घोषित की जाए। परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव का लाभ बैंक के सभी श्रेणी के कर्मचारियों को मिले। वर्तमान में यह सुविधा मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिकारियों तक ही सीमित है, जबकि पूरे साल भर मेहनत करने वाले निचले स्तर के कर्मचारियों को इससे वंचित रखा जाता है।

चार दिन बैंक बंद रहने से खाली हो सकते हैं एटीएम

बैंक सूत्रों के अनुसार, यदि संघ की मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बैंकिंग एसोसिएशन अनिश्चितकालीन या लंबी हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होगा। इधर, शुक्रवार को हड़ताल के कारण दिनभर एटीएम पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। एक दर्जन से अधिक एटीएम से लगातार नकद निकासी होने के कारण कैश खत्म होने की नौबत आ गई है। लगातार चार दिनों की छुट्टियों के चलते आने वाले दिनों में शहर के अधिकांश एटीएम पूरी तरह खाली होने की संभावना जताई जा रही है।

सोशल मीडिया आज युवाओं और आम नागरिकों तक पहुंचने का प्रभावी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी साइबर जागृति अभियान के तहत शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में क्रिएटर एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीटअप सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में जिले के 50 से अधिक सोशल मीडिया क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स तथा शासकीय एवं निजी संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में इन्फ्लुएंसर्स को अभियान के उद्देश्यों और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि सोशल मीडिया आज युवाओं और आम नागरिकों तक पहुंचने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने क्रिएटर्स से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक



इन सावधानियों पर दिया जोर

बैठक में सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, अनजान लिंक और एपीके फाइल से बचने की सलाह दी गई। साथ ही पुलिस, सीबीआई, ईडी या ट्राई अधिकारी बनकर किए जाने वाले फर्जी वीडियो कॉल और डिजिटल अरेस्ट जैसी ठगी से सतर्क रहने को कहा गया। किसी भी व्यक्ति से ओटीपी, यूपीआई पिन अथवा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की गई।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित क्रिएटर्स और अधिकारियों ने अभियान के आधिकारिक बैनर पर दिए क्यूआर कोड को स्कैन कर जागरूकता की एक सेल्फी ली। इसे सोशल मीडिया पर साझा कर आम लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

कहासुनी में चाकूबाजी, पीड़ित ही बना हमलावर, नयागंज में 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नयागंज नेहरू वार्ड में बीते गुरुवार रात करीब 8 बजे मामूली विवाद के चलते चाकूबाजी की घटना सामने आई है, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दिलचस्प बात यह रही कि मामले में चाकूबाजी का शिकार हुआ प्रार्थी कुछ ही देर में खुद भी आरोपी बन बैठा। पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीओपी तारेश साहू ने बताया कि नेहरू वार्ड निवासी राजकुमार सोनी की बुजुर्ग मां घर के बाहर बड़बड़ा रही थी और गाली-गलौज कर रही थी। वहीं के निवासी राकेश साहू ने राजकुमार सोनी से अपनी मां को समझाने और घर के अंदर रखने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान आवेश में आकर राकेश साहू घर से चाकू ले आया और उसने राजकुमार सोनी पर जानलेवा हमला कर दिया। वार करने के बाद राकेश मौके से भागने लगा। तभी वहां से गुजर रहे संजय ध्रुव ने भागते हुए राकेश को देखा और जब उसकी नजर घायल राजकुमार पर पड़ी, तो उसने पास जाकर पूछ लिया कि तुम्हें चाकू कैसे मार दिया?

पूछताछ से गुस्साए पीड़ित ने दूसरे पर किया वार

संजय के इतना पूछते ही घायल राजकुमार सोनी आपा खो बैठा। उसने पास में पड़ा चाकू उठाया और संजय ध्रुव पर ही ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे संजय भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

अस्पताल में इलाज जारी, मामले दर्ज

एसडीओपी तारेश साहू ने बताया कि घटना में शामिल दोनों मुख्य आरोपियों राजकुमार सोनी और राकेश साहू के खिलाफ वैधानिक धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। वहीं चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल हुए राजकुमार सोनी और संजय ध्रुव को तत्काल जिला अस्पताल बलौदाबाजार भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

रंग-पेंट महंगे होने से बढ़ी मूर्तियों की कीमत

गणेश उत्सव को लेकर तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



गणेश चतुर्थी पर्व नजदीक आते ही खरोरा में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। शहर में जगह-जगह गणेशोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेन रोड के पास स्थित निर्माण स्थलों पर मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर मिट्टी की प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हुए हैं। खरोरा में अलग-अलग तीन स्थानों पर छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा मेन रोड के पीछे भी सैकड़ों मिट्टी की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। मूर्तिकारों की एकाग्रता, मेहनत और प्रतिमाओं को जीवंत स्वरूप देने का जुनून निर्माण स्थलों पर साफ दिखाई दे रहा है। इस बार बारिश के कारण मूर्तिकारों को प्रतिमा निर्माण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश के चलते मिट्टी को सुखाने और प्रतिमाओं पर रंग-रोगन करने में भी दिक्कतें आईं। इसके बावजूद मूर्तिकार समय पर प्रतिमाएं तैयार करने में जुटे हुए हैं। गणेश उत्सव को लेकर भक्तों और गणेशोत्सव समितियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। प्रतिमाओं के निर्माण एवं विक्रय स्थलों पर खरीदार पहुंचने लगे हैं। हालांकि इस वर्ष मिट्टी, रंग-पेंट और श्रम लागत में वृद्धि के कारण गणेश प्रतिमाओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। ⏭ शेष पेज 12 पर

- बारिश बनी बाधा, फिर भी समय पर काम पूरा करने का जुनून

नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर घमासान, 6 वार्डों में अनदेखी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने छह वार्डों के साथ कथित भेदभाव का आरोप लगाया है। वार्ड क्रमांक 01, 04, 11, 15, 17 एवं 20 के विकास कार्यों को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने 16 सितंबर को शांतिपूर्ण भूख हड़ताल करने की घोषणा की है।



- 220 कार्यों के लिए जारी हुए हैं 15 .44 करोड़ रुपए, नेता प्रतिपक्ष 16 से भूख हड़ताल पर

दरअसल, छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 1 सितंबर 2026 को कलेक्टर बलौदाबाजार को पत्र जारी कर वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत 220 कार्यों के लिए कुल 1544.58 लाख रुपए की सूची भेजी ⏭ शेष पेज 12 पर

परिषद में समर्थन, फिर भी वार्डों की अनदेखी का आरोप

शेख सलमान ने कहा कि विपक्ष के पार्षदों ने जनहित से जुड़े कई आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्तावों का नगर पालिका परिषद की बैठकों में समर्थन किया है। ऐसे में विकास के मामले में भी सभी वार्डों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर के विकास में समानता, पारदर्शिता और आवश्यकता आधारित नीति अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छह वार्डों के साथ कथित भेदभाव समाप्त कर समानांतर रूप से विकास राशि स्वीकृत नहीं की गई तो 16 सितंबर को शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि समान विकास और नागरिकों के अधिकारों की मांग को लेकर किया जा रहा है।

ये हैं प्रमुख मांगें

कांग्रेस पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 01, 04, 11, 15, 17 एवं 20 के साथ विकास कार्यों में कथित भेदभाव तत्काल समाप्त करने, प्रस्ताव के अनुरूप इन वार्डों में भी राशि स्वीकृत करने तथा नगर पालिका के सभी 21 वार्डों के लिए समान एवं पारदर्शी नीति अपनाने की मांग की है। इसके साथ ही लंबित विकास प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक कार्यों को स्वीकृति देने की मांग भी की गई है।

तीजा को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, साड़ी और आभूषणों की जमकर हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्व तीजा को लेकर तिल्दा-नेवरा के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सोमवार 14 सितंबर को मनाए जाने वाले तीजा पर्व के लिए महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही हैं। खासकर कपड़ा दुकानों और ज्वेलरी में महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है।

महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार साड़ियों एवं अन्य कपड़ों की खरीदारी कर रही हैं। तीजा पर्व पर नई साड़ी पहनकर व्रत खोलने की परंपरा है। इसके अलावा मायके और ससुराल आने वाले रिश्तेदारों के लिए सौगात की खरीदारी भी की जाती है। यही वजह है कि पर्व नजदीक आते ही कपड़ा बाजार में खरीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। व्यापारियों के अनुसार तीजा के बाद भी करीब तीन से पांच दिनों तक बाजार में ग्राहकी बनी रहने की उम्मीद है। तीजा पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। खरीदारी करने पहुंचीं महिलाओं का कहना है कि तीजा उनके लिए सबसे खास पर्व है और वे इसका इंतजार काफी पहले से करने लगती हैं।

पर्व पर महिलाएं अपनी क्षमता के अनुसार साड़ी, सोने-चांदी के आभूषण और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी करती हैं। गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन महिलाएं दुल्हन की तरह सज-धजकर व्रत का पारण करती हैं। खरीदार धनवती ने बताया कि तीजा के लिए महिलाएं हैवी साड़ी, लाइट पैटर्न, बनारसी, सिल्क, ब्रासो और वर्क वाली साड़ियों को अधिक पसंद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि साड़ी की कीमत से ज्यादा महिलाओं के लिए उनकी पसंद मायने रखती है।

साड़ियों की मीडियम रेंज में सबसे ज्यादा मांग

10-15 दिन पहले से शुरू हुई खरीदारी

मनीष ट्रेडर्स के संचालक मोहित खूब चंदानीने बताया कि तीजा की खरीदारी पिछले 10-15 दिनों से शुरू हो चुकी है। पर्व नजदीक आने के साथ दुकानों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है। तीजा समाप्त होने के चार-पांच दिन बाद तक भी महिलाओं की खरीदारी जारी रहने की संभावना है। वहीं रोशन छतानी ने बताया कि सिल्क, बरबरी कपड़ा, रिमझिम और डोला सिल्क जैसी साड़ियों की मांग अधिक है। ज्यादातर महिलाएं 1 हजार से 1500 रुपए तक की मीडियम रेंज वाली साड़ियां पसंद कर रही हैं। इस बार महिलाओं का खास त्यौहार तीजा 14 सितम्बर रविवार को मनाया जाएगा।



रक्षाबंधन के बाद से बढ़ी ग्राहकी

कपड़ा व्यवसायीअशोक हरिरामानी ने बताया कि तीजा पर्व के दौरान कपड़ा बाजार में हर साल अच्छी ग्राहकी रहती है। इस बार भी पिछले वर्ष की तुलना में ग्राहकी अधिक नजर आ रही है। रक्षाबंधन के बाद से ही बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी थी।उन्होंने बताया कि महिलाएं ज्यादातर मीडियम रेंज की साड़ियां पसंद कर रही हैं। डोला सिल्क, ऑर्गेनजा, क्रश और बरबरी सिल्क की मांग है। लक्ष्मीपति, विशाल और सुभाष जैसे ब्रांड की साड़ियां भी पसंद की जा रही हैं। इनकी कीमत करीब 1 हजार से 4-5 हजार रुपए तक है।

खबर संक्षेप



उपजेल का विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण

बलौदाबाजार। जेल में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन के लिए विशेषज्ञ समिति द्वारा उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल परिसर में निर्धारित बैरक में जाकर जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बंदियों से उनकी आयु, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली गयी। सभी निरूद्धों के द्वारा उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने की जानकारी प्रदान की गयी। 18 वर्ष से कम उम्र के संदेहप्रद 1 बच्चें का नाम मुख्य प्रहरी उपजेल बलौदाबाजार को दी गई है ताकि उनके द्वारा आयु सत्यापन के संबंध में जानकारी लिया जा सके। आयु सत्यापन उपरांत 18 वर्ष से कम आयु निर्धारण पर बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित करने तथा प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित करने की कार्यवाही संपादित की जा सकें। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, जेल विभाग से जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा, विधिक सेवा प्राधिकरण से संजय सोनी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित थे।

मचेवा में एक व्यक्ति से तीन लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। ग्राम मचेवा में पोला त्यौहार के दौरान आयोजित दही हांडी कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न कर रहे तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को मचेवा के हिमेश साहू ने बताया कि 10 सितंबर को गांव में पोला त्यौहार के दिन दही हांडी का कार्यक्रम रखा गया था तथा कार्यक्रम के दौरान रात्रि करीबन 09 बजे ग्राम मचेवा के बालाराम यादव, बहादुर ध्रुव एवं गोलू ध्रुव बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिसे मेरे साथ ही युवा संगठन के अध्यक्ष भीखम देवांगन एवं पदाधिकारी व अन्य ग्रामीणों द्वारा मना किया गया था कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रार्थी गांव के तालाब की ओर जा रहा था।

पेज 11 के शेष

गणेश उत्सव को...

मूर्तिकारों का कहना है कि निर्माण सामग्री पहले की तुलना में महंगी होने से प्रतिमाओं की लागत बढ़ी है। वहीं, कलश मूर्ति आर्ट द्वारा तैयार की गई गणेश प्रतिमाओं को बिक्री के लिए दुकान में सजाया जा रहा है। विभिन्न आकार और आकर्षक स्वरूपों में तैयार प्रतिमाएं भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

नगर पालिका में...

है। पत्र में संबंधित प्रस्तावों के स्थल परीक्षण तथा पृथक-पृथक विस्तृत प्राक्कलन प्राप्त कर अभिमत एवं अनुशंसा सहित 10 सितंबर तक विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसी स्वीकृति मद एवं विकास कार्यों के प्रस्तावों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने जिला मुख्यालय में शहर के 6 वार्डों के साथ कथित भेदभाव का मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान का कहना है कि नगर पालिका में कुल 21 वार्ड हैं और प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को समान विकास एवं मूलभूत सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकार है। विकास कार्यों में राजनीतिक विचारधारा, दल अथवा व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 खिलाड़ियों को मिली रेंजर साइकिल

520 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, रग्बी में बस्तर और रायपुर जोन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल के इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम में चार दिनों से चल रही 26वीं राज्य स्तरीय अंतरशालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा पांच जोन से करीब 520 खिलाड़ी और 100 कोच शामिल हुए। इनमें 260 बालक और 260 बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं पूर्व विधायक भाटापारा रहे। कार्यक्रम में अध्यक्षता डॉ. सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पूर्व विधायक बिलाईगढ़ ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि में प्रेम कुमार पटेल सदस्य शाकंभरी बोर्ड छत्तीसगढ़, आनंद यादव जिलाध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार, पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, मोरध्वज पैकरा सभापति जनपद पंचायत कसडोल, कपिलदेव नायक प्रदेश अध्यक्ष सरपंच संघ छत्तीसगढ़, रामचंद ध्रुव जिलाध्यक्ष अनु जन जाति मोर्चा भाजपा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, डॉ. सुदीपदास मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, कृष्ण कुमार पटेल जिला संयोजक सहकारिता विभाग, पार्षद पुणेश्वरनाथ मिश्रा, एल्डरमैन राजेंद्र श्रीवास, शीला वर्मा, गोटिलाल साहू, अनिल श्रीवास महामंत्री, गणेश साहू, अभिजीत श्रीवास, निर्मला साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा, सनातन यादव अध्यक्ष युवा मोर्चा, अजय श्रीवास सहित कसडोल के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल और जनपद सीईओ कमलेश साहू भी समारोह में शामिल हुए। रग्बी 19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर जोन ने प्रथम, रायपुर जोन ने द्वितीय और दुर्ग जोन ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं रग्बी 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर जोन प्रथम, बस्तर जोन द्वितीय और दुर्ग जोन तृतीय रहा







खेल एवं शिक्षा सहित सभी विभागों का रहा अहम योगदान

प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी मरावी सर, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप शर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, पीएचई विभाग, स्टार लाइन खेल समिति तथा विभिन्न हॉस्टल के अधीक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चार दिनों तक चले इस खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से कसडोल में खेल गतिविधियों को भी नई ऊर्जा मिली।

विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी से किया सम्मानित

प्रतियोगिता में विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों एवं टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 खिलाड़ियों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू की ओर से रेजर साइकिल प्रदान की गई। पुरस्कार मिलते ही खिलाड़ियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

रायपुर और बिलासपुर जोन का शानदार प्रदर्शन

गतका 17 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर जोन प्रथम, दुर्ग जोन द्वितीय और बिलासपुर जोन तृतीय स्थान पर रहा। इसी वर्ग की बालिका स्पर्धा में भी रायपुर जोन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय रहा। गतका 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर जोन प्रथम, रायपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय रहा। बालिका वर्ग में भी बिलासपुर जोन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रायपुर द्वितीय और दुर्ग जोन तृतीय रहा।फेंसिंग 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग जोन प्रथम, रायपुर जोन द्वितीय और बिलासपुर जोन तृतीय रहा। बालिका वर्ग में भी दुर्ग जोन ने पहला स्थान हासिल किया। रायपुर दूसरे और सरगुजा जोन तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह फेंसिंग 19 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर जोन प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा जोन तृतीय रहा।

रिमझिम बारिश के बीच तीजा-पोला खेल महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

ग्रामीण अंचल के जुड़ा, पैंजनी, चिरपोटा, जामडीह, कोहरौद, धाराशिव, लच्छनपुर, मल्लीन, कोनारी, मोहतरा, ठेलकी, सरखोर, पंडरिया, कोरदा, कुम्हारी, कैलाशगढ़, सलौनी, कानाकोट, धौराभाठा, तिल्दा सहित आसपास के गांवो में पोला का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। पोला त्योहार के पावन पर्व पर मुंडा के बाजार चौक में युवाओ के द्वारा बहन बेटियों और महिलाओं के लिए खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में महिला शक्ति को बढ़ावा देने के लिए मटका फोड़ कबड्डी रस्साकसी खो खो फुगड़ी एवं सुवा नृत्य जैसे खेल का प्रतियोगिता रखा गया। युवाओं के द्वारा प्रतियोगिता निशुल्क रखा गया था। जिसमें युवतियों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल महोत्सव प्रतियोगिता कार्यक्रम का सफल संचालन धोबी समाज के मीडिया प्रभारी कमलेश रजक एवं पूर्व पंच हरिशंकर वर्मा के द्वारा किया गया।

मुंडा के बाजार चौक में 10 सितंबर को पोला पर्व पर युवाओं द्वारा बहन बेटियों एवं महिलाओं के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिता को देखने के लिए मुंडा सहित आसपास के गांवो से लोग इकट्ठा हुए जिससे माहौल काफी उत्सव पूर्ण और जोश से भरा रहा।

प्रतियोगिता के दौरान बारिश भी हुई किंतु बहन बेटियों और महिलाओं की खेल के प्रति लगन और उत्साह को बारिश भी नहीं डिगा पाए और रिमझिम बारिशो के बीच खेल उत्साह पूर्ण माहौल में होता रहा। तीन बार मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुआ जिसमें कल्याणी वर्मा,सावित्री वर्मा, (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सावित्री वर्मा कबड्डी भी तीन बार हुआ जिसमें पुष्पा फेकर की टीम अन्नपुर्णा रजक की टीम विजेता बनी। खो-खो में टिकेश्वरी टीनू वर्मा की टीम रस्साकशी में पुष्पा फेकर की टीम एवं फुगड़ी में टिकेश्वरी विश्वकर्मा विजेता बनी। सभी विजेताओं को अतिथियों के द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में पूर्व सरपंच डॉ कृतराम वर्मा,सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण पांडेय, नीलकंठ साहू, सत्येंद्र वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, सोनू वर्मा, सूरज वर्मा, शेखर वर्मा, तरुण वर्मा, पीतांबर रजक, उमाशंकर वर्मा, गोपाल साहू, खगेश वर्मा, अजय वर्मा, तेजा वर्मा, बृजभूषण वर्मा सहित बाजार चौक के युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

सेवा संकल्प अभियान, शिवरतन ने कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सिमगा नगर में आयोजित भाजपा मंडल की बैठक एवं कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण एवं संकल्प के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती और मोदी के जन्मदिवस को संध्या काल में प्रत्येक बूथ एवं अपने घरों में आशीवार्द का दिया प्रज्ज्वलित करना





है। विद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आंगनबाड़ी केन्द्रों में बहनों का अभिनंदन बच्चों को फल मिठाई वितरण नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव में पदयात्रा एवं बाईक रैली एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण नदी तालाब तक किनारे स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम संचालित होने हैं। अभियान को सफल बनाने मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विशेष रूप रूचि लेकर कार्य करने की बात कही कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल पाण्डेय जिलाध्यक्ष आनंद यादव मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी धीरज जैन महामंत्री छोटेलाल यादव, योगेश साहू, कमलेश साहू सरपंच दामाखेड़ा, पार्षद सचिन जैन टेबू देवांगन, सूर्यकांत ताम्रकार, नीरज शर्मा, रोहित साहू, परस पाटकर, अनूप तिवारी, राजेश सिंह, सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

114 वर्ष पुरानी विधिक लाइब्रेरी सहेजने पर वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश यदु सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

परिवार की करीब 114 वर्ष पुरानी विधिक लाइब्रेरी एवं ऐतिहासिक विधिक धरोहर के संरक्षण तथा विधि एवं सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश यदु को शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सम्मान समारोह-2026 में 'धरोहर हमारे गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जशपुर राज परिवार की संयोगिता युद्धवीर जूदेव, अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पद्मश्री फूलवासनबाई यादव, पद्मश्री अजय कुमार मांडावी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। दिनेश यदु को सम्मान जिला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. मन्नुलाल चेलक ने प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि यदु परिवार में वर्ष 1913-14 से



विधि एवं वकालत की परंपरा चली आ रही है। दिनेश यदु इस परंपरा की तीसरी पीढ़ी के रूप में वर्ष 1984 से अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अब उनके पुत्र और पुत्री भी चौथी पीढ़ी के रूप में विधि एवं वकालत के क्षेत्र में कार्यरत हैं। परिवार की करीब 114 वर्ष पुरानी विधिक लाइब्रेरी में वर्ष 1913 के सीपी लॉ रिपोर्टर से लेकर वर्ष 2026 तक की विधिक पुस्तकें, न्यायिक निर्णय और महत्वपूर्ण लॉ जर्नल सुरक्षित हैं। यह लाइब्रेरी लंबे समय से न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ स्रोत बनी हुई है।

गुणवत्ता, कीमत और मात्रा की जांच के बाद ही खरीदारी करने की सलाह

छात्रों को बताए गए उनके अधिकार और ई-फाइलिंग के तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार बलौदाबाजार के परम आदर्श स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में बुधवार को उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी एवं जागरुकता सम्बंधित पम्पलेट का वितरण किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार की अध्यक्ष रंजना दत्ता सदस्यगण



शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्र छात्राओं को उपभोक्ताओं के उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना है। उपभोक्ता जागरुकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपयोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, ऑनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। नगरवासियो, पालक, अभिभावकों को ई फ़ाइलिंग व ई हियरिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि आयोगों के समक्ष शिकायत अब ई फ़ाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन ही की जाती है जो की अब अनिवार्य हैं इसके लिए उपभोक्ता ई जागृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बहस हेतु आयोग के समक्ष उपस्थित होना ज़रूरी नहीं है उपभोक्ता अपना पक्ष या बहस ई हियरिंग के माध्यम से ऑनलाइन कहीं से भी कर सकते हैं यह सुविधा जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ हो चुकी है। उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार प्रथाओं धोखाधड़ी और शोषण से बचाना है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देने और दावा करने को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। उपभोक्ता जागरूकता शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंगले अधिवक्तागण में अधिवक्ता संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष शारिक खान, राज नारायण त्रिपाठी एवं महाविद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहे।

विहिप-दुर्गा वाहिनी का स्थापना दिवस आयोजित, संगठन विस्तार पर दिया जोर



बलौदाबाजार। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा 10 सितंबर को षष्ठी मंदिर प्रांगण में संगठन का 62वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष डॉ. ललित माखीजा, प्रांत उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन, जिला मंत्री अजय वर्मा, जिला संयोजिका आरती सराफ सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ललित माखीजा ने संगठन को सत्संग एवं बाल संस्कारशाला जैसी गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज को संगठित कर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा एवं संस्कारों पर भी जोर देते हुए सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में सरिता ठाकुर, शांति साहू, परमेश्वरी पटेल, लता वर्मा, मंजू सोनी, उमा सोनी, शशि केशरवानी, दीपांजलि, मालती तिवारी, गायत्री त्रिपाठी, पूनम जायसवाल, मनीषा राय सहित दुर्गा वाहिनी एवं नगर की मातृशक्ति उपस्थित रही। आयोजन के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई।

खबर संक्षेप



औरेठी विद्यालय में एचआईवी और क्षय रोग से बचाव की दी जानकारी

सिमगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरेठी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्वास्थ्य विभाग सिमगा के सुपरवाइजर उमेंन्द्र वर्मा एवं काउंसलर जितेंद्र टंडन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस बीच डॉ. दिनेश कुमार उपाध्याय ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले छात्रोंपयोगी कार्य जैसे स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र जांच शिविर, आयरन टेबलेट वितरण आदि के संबंध में प्रकाश डाला। बच्चों को संबोधित करते हुए जितेंद्र टंडन ने एचआईवी के फैलने के कारण व सावधानी तथा बचाव के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में भी रोचक ढंग से अपनी बात रखी। एड्स के संबंध में छात्र-छात्राओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में प्राचार्य रमाशंकर वर्मा ने आभार वक्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित माधुरी बंषकार, भास्कर साहू सहित शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए।

शिक्षक राजेंद्र सिक्का को मिला गुरु सम्मान



लवन । शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर बलौदाबाजार स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा में दिनांक 7 नवंबर को आयोजित गुरु सम्मान 4.0 ज्ञान संस्कार और गुरु परंपरा के गौरव का भव्य उत्सव में पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय लवन के शिक्षक राजेंद्र सिक्का को प्रतिष्ठित गुरु सम्मान 4.0 से अलंकृत किया गया। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा के प्राचार्य योगेश पोपट विद्यालय के प्रबंधन एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहौद के प्राचार्य जी सी दास द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह,साल एवं श्रीफल प्रदान करके गुरु सम्मान से सम्मानित किया । इस अवसर पर विभिन्न 40 विद्यालय से आए सम्मानित शिक्षकों एवं प्रधान आचार्य को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए गुरु सम्मान में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सर्वाधिक आध्यात्मिक एवं दृश्य तब हुआ जब मंच पर उपस्थित समस्त सम्मानित गुरुओं को सामूहिक महा आरती उतारी गई।

पर्व : घड़ा दौड़, गिलास दौड़, फुगड़ी, पिठईया दौड़, रस्सा खींच, सुई-धागा दौड़, बिस्किट खाओ प्रतियोगिता हुई

पारंपरिक खेलों में महिलाओं और बच्चों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह कला में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भव्य पोला महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव में तीजा-पोला पर्व मनाने पहुंचीं महिलाओं सहित गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में घड़ा दौड़, गिलास दौड़, फुगड़ी दौड़, पिठईया दौड़, रस्सा खींच, सुई-धागा दौड़, बिस्किट खाओ, नड्डा खाओ, गुब्बारा दौड़, नदिया बैल दौड़, कमर रस्सा खींच एवं गीत गायन सहित अनेक रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में घड़ा दौड़ में भगईया ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं गिलास दौड़ में यशोदा निषाद प्रथम एवं देवकी ध्रुव द्वितीय रहीं। फुगड़ी प्रतियोगिता में देवकी ध्रुव प्रथम एवं मोनिका निषाद द्वितीय, पिठईया दौड़ में करीना धीवर एवं देवकी





निषाद प्रथम तथा गायत्री निषाद एवं लिकेश्वरी निषाद द्वितीय रहीं। रस्सा खींच प्रतियोगिता में इंद्राणी एवं रुखमणी की टीम विजयी रही। बिस्किट खाओ प्रतियोगिता में देवकी ध्रुव तथा नड्डा खाओ प्रतियोगिता में यशोदा निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छह वर्ष के बच्चों के लिए आयोजित नदिया बैल दौड़ में नीरज निषाद प्रथम एवं तेजस्वी निषाद द्वितीय रहे। गीत गायन प्रतियोगिता में वीणा ध्रुव ने प्रथम तथा राधा वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक धरोहर सहेजने का प्रयास

विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि पोला महोत्सव को विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित करने का उद्देश्य पारंपरिक संस्कृति एवं लोक खेलों को सहेजना तथा ग्रामीणों और विद्यार्थियों में उत्साह एवं सहभागिता की भावना विकसित करना है। आयोजन में सहयोगी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू, समन्वयक नेम सिंह धीवर एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष भगत राम निषाद की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं पत्रकार रोहित वर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं पारंपरिक आयोजन गांव की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पूरे आयोजन में ग्रामीण महिलाओं, बच्चों एवं उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और पोला महोत्सव ने गांव में उत्सव एवं उमंग का माहौल बना दिया।



खेलों के माध्यम से संस्कृति से जुड़ने का संदेश

सुहेला। आज के डिजिटल दौर में जब बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में बीत रहा है, वहीं ग्राम बासीन में युवाओं के जनकल्याण संगठन ने एक ऐसी पहल की, जिसने बच्चों और नई पीढ़ी को मोबाइल से निकालकर अपनी मिट्टी, संस्कृति और पारंपरिक खेलों से जोड़ने का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व पोला के अवसर पर रंगमंच चौक में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह, उमंग और अपनी संस्कृति से जुड़ाव की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में नंदी बैल दौड़, नारियल फेंक, रंग पहचानो, बिस्किट खाओ सहित कई पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों से लेकर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। खेल के मैदान में उमड़ा उत्साह यह बता रहा था कि हमारी पुरानी परंपराओं में आज भी नई पीढ़ी को जोड़ने की पूरी ताकत है।खास बात यह है कि बासीन मे लगातार पोला पर्व के अवसर पर इस तरह के आयोजन होता आ रहा है। संगठन का उद्देश्य केवल मनोरंजन या प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और पारंपरिक खेलों को जीवित रखना और इन्हें आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना है।





विजेताओं को मिला सम्मान, ग्रामीणों ने की सराहना

छत्तीसगढ़ की संस्कृति केवल किताबों में दर्ज इतिहास नहीं, बल्कि हमारे त्योहारों, लोक परंपराओं और पारंपरिक खेलों में आज भी जीवंत है। जरूरत है कि इन परंपराओं को नई पीढ़ी के हाथों में सौंपा जाए, ताकि आने वाले समय में भी पोला जैसे पर्व केवल त्योहार न रहें, बल्कि हमारी पहचान और विरासत के रूप में जीवित रहें। जनकल्याण संगठन के युवाओं की इस पहल की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को खेल के साथ अपनी संस्कृति और समाज से जोड़ने का सार्थक माध्यम हैं। उक्त अवसर पर विशेष रूप से जनप्रतिनिधि एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक बच्चे बुजुर्ग महिलाएं काफी संख्या में उपस्थिति रही।

सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना ही मुख्य उद्देश्य

आयोजकों का कहना है कि आधुनिक तकनीक और मोबाइल आज जीवन का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन इसके साथ बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। पारंपरिक खेलों के माध्यम से बच्चे न सिर्फ खेलना सीखते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, आपसी सहयोग और सामाजिक भावना भी विकसित होती है।प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को जनकल्याण संगठन की ओर से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों और प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। पुरस्कार ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विकास और आधुनिकता के साथ अपनी संस्कृति को बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। मोबाइल की स्क्रीन पर समय बिताने वाली पीढ़ी को अगर हम अपनी संस्कृति के मैदान तक ला सकें, तो यही सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

भोजली हमारी पहचान और भाईचारे का प्रतीक : हितेंद्र ठाकुर

पलारी। ग्राम पंचायत धमनी में आयोजित "बेटी-बहू सम्मान एवं भोजली महोत्सव 2026" में गांव की बहू-बेटियों का सम्मान कर छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा एवं संस्कृति को सहेजने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भोजली महोत्सव के अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से भोजली की पूजा-अर्चना की तथा लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भोजली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, परंपरा और आपसी भाईचारे से जुड़ी लोक संस्कृति है।गांव की बहू-बेटियों का सम्मान करना हमारी सामाजिक परंपरा और संस्कारों का सम्मान करना है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि बहू-बेटियां परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला हैं। उनका सम्मान वास्तव में पूरे समाज का सम्मान है। उन्होंने भोजली जैसे पारंपरिक आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताते हुए आयोजन के लिए ग्रामवासियों एवं महिला कमांडो दल को बधाई दी। भोजली महोत्सव के दौरान गांव की बहू-बेटियों का सम्मान कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे लोक संस्कृति, महिला सम्मान एवं सामाजिक एकजुटता का सुंदर उदाहरण बताया।



समाज की आधारशिला हैं बहू-बेटियां

जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी लोक संस्कृति और परंपराओं से है। भोजली महोत्सव हमारी इसी समृद्ध विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक एकता और महिला सम्मान का संदेश भी मजबूत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत रोहांसी के अध्यक्ष नंदेश्वर साहू ने की। उन्होंने कहा कि गांव की परंपराओं को जीवंत रखने और महिलाओं को सम्मान करना समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, नगर पंचायत रोहांसी के उपाध्यक्ष पितांबर साहू, सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद्र यादव, चंद्र कुमार पैकरा, दिनदयाल कन्हौजे, भीम सिंह सिदार, रामनारायण यादव, रामकिशन निर्मालकर, मोहित साहू, हिरेंद्र यदु, अंगरराम यदु, भीम सिंह पैकरा, सुरेंद्र यदु, रमेश यदु, भरत दीवान, बृज दीवान एवं गिरिस यदु सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों, महानदी कर्मचारी संघ, ग्राम पंचायत धमनी एवं महानदी महिला कमांडो दल के सहयोग से किया गया।

बंगोली में बहनों ने पोला पटकन मनाई पर्व

बंगोली। बंगोली अंचल के ग्राम कुर्रा, धनसुली, मूरा में तीज त्यौहार पर बहनों ने पोला पटक कर पोला त्योहार मनाई। छत्तीगढ़ के संस्कृति परंपरानुसार तीज पर्व ऐसा त्योहार है जो कि भाई- बहन, माता- पिता ,सखी सहेली आदि परिवार से मिलने अपने जन्म भूमि में जाने का एक मात्र तीज का अवसर है। तीज पर्व पर कुम्हार लखन चक्रधारी, इंद्रकुमार चक्रधारी ने मिट्टी के नंदिया बैल की प्रति जोड़ी डेढ़ सौ रुपये मे विक्रय किये। वहीं बच्चों ने मिट्टी के नंदिया बैला को रस्सी लगाकर दौड़ते रहे। आज कल परंपरा सुनी होती जा रही है, बच्चे मोबाईल में व्यस्त है। वहीं बहनें तीज मनाने आती हैं परंतु घर से बाहर नही निकलती, घर में ही परंपरा निभाई जा रही है जिससे त्योहार अब सुनापन लगता है। इस अवसर पर बहन नंदनी यादव, सुकवारो यादव, पुष्पा वर्मा, प्रेमिन चंदन, लक्ष्मी चंदन, गीता वर्मा, दुर्गा कंडरा, साक्षी कंडरा एवं प्रमिला कंडरा ने पोला पटकर कर पोला त्यौहार की परंपरा निभाई।

दशरमा में विजेताओं को किया सम्मानित




रिसदा। जिले से लगे ग्राम पंचायत दशम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय रणबौर दाई युवा सेवा समिति द्वारा तीजा पोरा खेल उत्सव एवं भोजली प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसमें खेल इस प्रकार था भोजली प्रतियोगिता लोटा दौड़ पोरा फोड़ फुगड़ी कुर्सी दौड़ नंदी बैल दौड़ प्रतियोगिता रखा गया जिसमें विजेता रहे। भोजली प्रथम प्रीति साहू दईहा,न पोरा फोड़ प्रथम जन्नु ध्रुव, लोटा दौड़ प्रथम निशा यादव, कुर्सी दौड़ प्रथम अन्नू साहू, फुगडी प्रथम निशा यादव, नंदी दौड़ प्रथम साहिल यादव सभी विजेताओं को ईनाम तीजा के लुगरा शील्ड ट्रॉफी एवं गिफ्ट से सम्मानित किया गया था। उक्त कार्यक्रम समिति के सदस्य हरदयाल साहू, नेतराम साहू, राजेश मरकाम, नीलकंठ साहू, गोलू,नरोत्तम पैकरा, संतोष देवांगन, सुदामा यदु, पितांबर साहू, रामदयाल साहू, नोहर यदु, शिवदयाल यदु, डोमार साहू, बिशुन साहू, रूपनारायण साहू, गंगाराम पैकरा, गौरी यादव, पुनाराम साहू, खैर, पीलेश्वर साहू, तिलक साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

केंवट निषाद समाज की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, दुर्गा प्रसाद बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में छत्तीसगढ़ केंवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 10 सितंबर को गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राम-जानकी 24 अवतार मंदिर, निषाद समाज शिवरीनारायण स्थित कबीर सत्संग हॉल, मेला ग्राउंड चौपाटी में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद रहे। समारोह में दुर्गा प्रसाद केवट ने केंद्रीय समिति के अध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं तृप्ति नाथ कैवर्त्य ने महासचिव और बंसीलाल केवट ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। इसके अलावा संरक्षक के रूप में रामलाल केवट एवं डॉ. मनहरण कैवर्त्य, उपाध्यक्ष रामलाल केवट, महिला उपाध्यक्ष सरोज केवट, सचिव राकेश कुमार कैवर्त्य, कार्यालय सचिव विकास कैवर्त्य तथा मीडिया प्रभारी अजय कुमार कैवर्त्य सहित अन्य पदाधिकारियों को भी पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई।





संगठनात्मक एकता और शिक्षा पर जोर

कार्यक्रम में प्रदेश संगठन से महासचिव मनोहर निषाद, उपाध्यक्ष गायत्री कैवर्त्य, सचिव गिरधर निषाद, संगठन सचिव ईश्वर निषाद, प्रचार सचिव राजकुमार निषाद, अंकेक्षक मलेश निषाद, संभाग अध्यक्ष धनेश कैवर्त्य, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दीप कैवर्त्य, महासचिव तुलसी केवट, राधा बाई कैवर्त्य, प्रेमलता केवट, चंद्राणी कैवर्त्य एवं ढुकलहीन निषाद सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज प्रमुखों और पदाधिकारियों ने भी समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में शक्ति, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, बालोद, बलौदा बाजार, महासमुंद सहित विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक प्रतिनिधि एवं समाज के लोग शामिल हुए।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद के द्वारा कराया गया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकजुटता, सामाजिक समरसता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए संगठनात्मक एकता के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक बंधुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



खबर संक्षेप



दशलक्षण महापर्व से पूर्व शांतिनाथ मंदिर में भगवान का मंजन कार्यक्रम

बलौदाबाजार। दशलक्षण महापर्व एवं पर्यूषण पर्व के पूर्व श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान श्री का मंजन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। प्रातः आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री की पूजा-अर्चना की।मंजन कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने धार्मिक विधि-विधान के साथ भगवान श्री की आराधना की और सुख-शांति की कामना की। जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पर्यूषण पर्व को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। मंजन कार्यक्रम के साथ ही पर्व से जुड़ी धार्मिक गतिविधियों का शुभारंभ हुआ।

महुआ शराब बरामद, दो आरोपियों पर कार्रवाई

महासमुंद। सरायपाली से बसना कीओर जा रहे दो लोगों के कब्जे से पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली कि दो व्यक्ति डिस्कवर बाइक क्रमांक सीजी-06-सी-2230 में सरायपाली से बसना की ओर शराब का परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों को एनएच 53 रोड शिवा हीरो शो रूम के सामने रोका, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम प्रेमसिंग बरिहा पिता सियाराम बरिहा (55 साल) नवागढ़ थाना सरायपाली और लक्ष्मी प्रसाद सारथी पिता इंद्रजीत सारथी (36 साल) नवागढ़ थाना सरायपाली होना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब कीमत 3000 रुपए एवं बाइक कीमत 30, 000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नपा अध्यक्ष ने राशन, स्ट्रीट लाइट, पीएम आवास और आंगनबाड़ी पर भी लिया फीडबैक

विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं जमीन पर दिखना चाहिए काम : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास कार्यों में अब किसी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी। महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन तथा प्रकाश, खाद्य एवं आवास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने योजनाओं की प्रगति का फीडबैक लिया और जनहित से जुड़े कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। आगामी गर्मी शुरू होने से पहले ही शहर की जल व्यवस्था को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नहर के जरिए तालाबों में पानी भरने, पाइपलाइन विस्तार, नवीन ओवरहेड टैंक, बोर के प्रोटेक्शन बॉक्स और बोर संचालन का निर्धारित समय तय करने जैसे विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि गर्मी के दिनों में नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान होना न पड़े, इसके लिए समस्या आने का इंतजार करने के बजाय पहले से तैयारी करना जरूरी है। खाद्य विभाग की समीक्षा में राशन कार्ड बनाने और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं में नागरिकों को आ रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागजों में नहीं, बल्कि पात्र परिवारों तक पहुंचनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा करते हुए स्ट्रीट लाइटों के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। लाइटों को निर्धारित समय पर चालू एवं बंद करने की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ खराब लाइटों के त्वरित सुधार और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने कहा कि प्रकाश व्यवस्था केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। इसलिए इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में नगर में नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बच्चों और महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में सभापति कुंजराम कोशले,दीपा दशरथ साहू देवेंद्र साहू ,गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, संतीश तलरेजा, पार्षद संतीश साहू, नंदू वैष्णव, चन्द्रशेखर चक्रधारी, बब्बू मंधान, ठाकुर राम साहू,चंद्रशेखर चक्रधारी, एल्डरमैन मधु सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव इंजीनियर विनोद यादव, विभाग प्रमुख पूर्णेन्दु त्रिवेदी, धनेश साहू, सुरेंद्र जांगड़े, मोजूद रहे।



मकानों को जल्द पूरा कराने पर जोर

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन मकानों की प्रगति पर चर्चा हुई। अध्यक्ष शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। निर्माणाधीन आवासों को प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र पूर्ण कराकर हितग्राहियों को योजना का वास्तविक लाभ दिलाया जाए।

पीएम आवास के अधूरे काम दिखना चाहिए, सिर्फ फाइल नहीं चलनी चाहिए

समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की गति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय को लेकर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास से जुड़े मामलों में फाइलों की गति के साथ जमीन पर काम की गति भी दिखाई देनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की भाटापारा के विकास को लेकर हमारी प्राथमिकता बिल्कुल स्पष्ट है काम समय पर हो, गुणवत्ता के साथ हो और उसका सीधा लाभ आम नागरिक को मिले। जल, प्रकाश, आवास, राशन और महिला-बाल विकास जैसे विषय सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं। इसलिए इन विभागों की नियमित समीक्षा कर जवाबदेही तय की जा रही है। शर्मा ने कहा की नगर पालिका का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा और विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यों को नई गति दी जाएगी।

सुग्घर छत्तीसगढ़ शिविर ग्रामीणों ने रखीं अपनी मांगें और समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुग्घर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरुवाड़ीह में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से उनकी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान ग्रामीणों को आवास पेंशन राशन श्रमिक हित स्वच्छता पेयजल विद्युत रोजगार सामाजिक सुरक्षा सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। संबंधित विभागों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और पात्रता के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया एवं दस्तावेजों की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं और मांगों को रखने के लिए एक सुविधाजनक मंच मिला। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता मिलती है। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव में ही विभिन्न विभागों से संबंधित जानकारी और आवेदन की सुविधा मिलने से समय एवं श्रम की बचत होती है। कार्यक्रम के दौरान सरपंच नरेंद्र कश्यप, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, पटवारी अंजुल बाजपेयी, समिति प्रबंधक देवेंद्र कुमार साहू, विष्णु देवांगन, एडीईओ एस हिरवानी, रोजगार सहायक ललिता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदिरा वर्मा, रेखा ध्रुव, कविता यादव, पुष्पा साहू, अश्वनी सगरवंशी सहित पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष बने चुन्नी लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ मंडी एवं मण्डी बोर्ड कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ के लिए हुए निर्वाचन में भाटापारा कृषि उपज मंडी में पदस्थ सचिव चुन्नी लाल ध्रुव प्रातांध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है ,उनके निर्वाचन पश्चात प्रथम कार्यक्षेत्र भाटापारा आगमन पर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने शुभकामना दी है। विधायक साव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री ध्रुव अपने कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। वहीं विधायक इंद्र साव ने अपनी खुशी जाहिर की कि भाटापारा मंडी के इतिहास में ये पहला अवसर है जब यहां पदस्थ कोई अधिकारी कर्मचारी प्रदेश स्तरीय टीम में इतने बड़े ओहदे में पहुंचा है। विदित हो नवनिर्वाचित मंडी बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चुन्नी लाल ध्रुव स्थानीय कृषि उपज मंडी में पदस्थ है।सादगी और मिलनसार के श्री ध्रुव अपने निर्वाचन पश्चात विधायक इंद्र साव के निवास पहुंच कर उनसे सौजन्य मुलाकात की, जहां विधायक ने उनका मुंह मीठा करा कर शुभकामना दी।



सेना के जवान के बेटे नीरव ने नीट-यूजी में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार। जिले के ग्राम गाड़ाकुसमी निवासी नीरव चंद्रवंशी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में सफलता हासिल कर एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। नीरव का चयन रायपुर स्थित जेएनएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। नीरव चंद्रवंशी के पिता रविशंकर चंद्रवंशी भारतीय सेना में सेवारत हैं और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पिता के सेना में रहते हुए परिवार से दूर रहने के बावजूद नीरव ने अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पण बनाए रखा। नीरव ने राजस्थान के सीकर में अपनी माता के साथ रहकर करीब तीन वर्षों तक नीट की तैयारी की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत और नियमित अध्ययन के बल पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की। नीरव की सफलता को उनकी मेहनत, माता के सहयोग और पिता के अनुशासन एवं प्रेरणा का परिणाम माना जा रहा है। गाड़ाकुसमी जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश हासिल करने वाले नीरव की उपलब्धि क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। परिवारजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें एमबीबीएस में चयन के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



10 एकड़ में उत्पादन से सालाना करीब 7 लाख की आय

बैगन बाड़ी से लखपति दीदी बनीं कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

गरीबी और आर्थिक तंगी के कारण कभी रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर ग्राम रोहीना (विकासखंड बिलाईगढ़) की कृष्णा साहू ने आज आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल पेश की है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सहयोग और अपनी कड़ी मेहनत से उन्होंने बैंगन की व्यावसायिक खेती को अपनाकर न केवल अपनी तकदीर बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई हैं।आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर कृष्णा ने बिहान योजना के तहत गांव की 10 महिलाओं को जोड़कर 'राधा रानी महिला स्वयं सहायता समूह' का गठन किया। समूह के माध्यम से उन्हें कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड, रिवॉल्विंग फंड और बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस शुरुआती पूंजी से उन्होंने 3 एकड़ में खेती की







3 एकड़ से 10 एकड़ तक फैला कारोबार

शुरुआती उत्पादन में बेहतर लाभ मिलने के बाद कृष्णा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। खेती का दायरा बढ़ाने के लिए उन्होंने बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण लिया। वर्तमान में वे लगभग 10 एकड़ में बैंगन का रिकॉर्ड उत्पादन कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष करीब 7 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। कृष्णा साहू की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन, मेहनत और शासन की योजनाओं का सही उपयोग किया जाए, तो गांव में ही रहकर आर्थिक रूप से मजबूत बना जा सकता है। आज उनका परिवार पलायन के दंश से पूरी तरह मुक्त होकर सम्मानजनक जीवन जी रहा है।





